## रीठी एवं स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में हुए हादसे, जांच में जुटी पुलिस

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवकों की थम गई सांसें, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाटपहाड़ी के समीप हुए हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। बीती देर रात करीब 10 बजे के बड़गांव की ओर से आकर मोटरसाइकिल से रीठी की तरफ जा रहे तीन युवक खड़ी ट्राली से टकरा गए। भिड़ंत इतनी जोरदार थी की बाइक सवार दो युवकों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी अनुसार रीठी थाना अंतर्गत ग्राम लाटपहाड़ी के पास एक बिगड़ी हुई ट्रैक्टर ट्राली सड़क के किनारे खड़ी थी। अंधेरे में बाइक सवार युवक सीधे बिगड़ी ट्राली में जा घूसे। हादसे में टकराए मोटरसाइकिल सवारों में से दो की मौके पर मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया।



जानकारी के अनुसार बड़गांव से पहले लाटपहाड़ी गांव के पास दमोह मार्ग पर एक धान से लदी ट्रैक्टर ट्राली का टायर पंक्चर होने से चालक टायर निकालकर सुधार कराने ले गया था। रात 10 बजे के लगभग बड़गांव की ओर से आकर मोटरसाइकिल से रीठी की तरफ जा रहे तीन युवक खड़ी ट्राली से टकरा गए। दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची रीठी पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में भर्ती कराया। जिसका नाम रवि पिता राकेश सिंह गोंड बताया जा रहा है जबकि मृतकों में पहला घायल रवि का भाई राहुल पिता राकेश सिंह है और दूसरे मृतक का नाम रज्जू सिंह बताया जा रहा है।

### हादसे में साइकिल सवार की मौत

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में एक बाइक चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के खिरहनी गांव निवासी रमेश पिता रामकेश यादव 35 वर्ष साइकिल से स्लीमनाबाद गया था। वहां से गांव लौटते समय एक बाइक उसे टक्कर मार दी। हादसे में रमेश गंभीर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने युवक को स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस बाइक के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।




# 7 करोड़ की धान बर्बाद, 4 पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से खरीदी गई सात करोड़ की धान मौसम की मार से बर्बाद हो गई। ओपन कैप में रखी धान के बर्बाद होने की वजह उचित रखरखाव का न होना माना जा रहा है। धान बर्बाद हो जाने के बाद मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन कटनी के जिला प्रबंधक योगेंद्र सिंह सेंगर की शिकायत पर बड़वारा पुलिस ने ओपन कैप संचालक कंपनी के चार अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बड़वारा थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मझगवां वेयर हाउस में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खरीदी गई धान को ओपन कैप में रखा गया था। ओपन कैप का संचालन एमएस ग्रो ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा किया जा रहा था। बीते दिनों मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन कटनी के जिला प्रबंधक योगेंद्र सिंह सेंगर ने एक लिखित शिकायत पत्र थाने में दिया था। शिकायत पत्र में कहा गया था कि कंपनी अधिकारियों की लापरवाही के कारण ओपन कैप में रखी लगभग 7 करोड रुपए कीमती 2706 मेट्रिक टन धान पूरी तरह नष्ट हो गई। प्रकरण की जांच के उपरांत एमएस ग्रो ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ संतोष साहू, स्टेट हेड सौरभ मालवीय, कंपनी एडवाइजर अखिलेश बिसेन एवं ओपन कैप सुपरवाइजर संजू रजक के खिलाफ धारा 409, 120, 427 भादवी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण दर्ज कर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### वीरासन देवी प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा आज से

**सिलौंडी।** समीपवर्ती प्रसिद्ध देवी दरबार में आज 17 दिसम्बर 2023 से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होगा । आज कलश यात्रा माँ देवी दरबार से शुरू होकर कथा प्रांगण पहुँचेगी । श्री मद भागवत कथा का वाचक पंडित राम शुक्ल महाराज वंदावन धाम वाले करेंगे । आयोजन समिती ने सभी भक्तों से बड़ी संख्या में पहुँचने की अपील की है । कथा दोपहर 11.30 बजे से 3.30 बजे होगी । प्रतिदिन रात में रामलीला का आयोजन होगा ।

### धर्मगुरूओं के साथ हुई बैठक दी गई जानकारी



**सिलौंडी।** सिलौंडी में धार्मिक स्थलों एवँ अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक एवँ लाउड स्पीकर ,डीजे के प्रयोग पर नियंत्रण हेतु धर्म गुरुओं की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में नायाब तहसीलदार दिनेश आसाठी ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय ,चौकी प्रभारी मुन्ना लाल करण ,सचिव कुंज बिहारी के सानिध्य में हुई । जिसमें शासन के निर्देश की जानकारी धर्मगुरुओं को दी गयी सभी लोग ने अपनी सहमति दी । इसके बाद दूसरी बैठक मांस मछली का व्यापार करने वालों के संबंध में हुई । नायाब तहसीलदार दिनेश आसाठी ने बताया कि अब से खुले में मांस मछली विक्रय पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा और मांस मछली बेचने वालों को पंचायत से लायसेंस लेकर पंचायत के निर्धारित स्थान पर दुकान लगना होगा । शासन के नियमों के विरुद्ध खुले माँस मछली बेचेंगे उसके विरूद्ध जरूर करवाई होगी

### सिलौंडी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सिलौंडी।** सिलौंडी में आज स्वर्गीय केदारनाथ दुबे की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 11 बजे से 1 बजे तक प्राथमिक बालक शाला में होगा। मेडिकल कॉलेज के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ अनुराग दुबे बांझपन, प्रोस्टेट, मूत्र ,पथरी ,नपुंसकता ,किडनी रोग से संबंधित रोगियों को देखेंगे । जिसका रजिस्ट्रेशन निशुल्क होगा । लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर शिविर का लाभ लेने की अपील की है ।

### समिति का गठन

**कटनी।** शासन निर्देशों के अनुपालन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के संबंध में जारी दिशा-निर्देश के अनुकम में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आदेश जारी कर नगर निगम स्तरीय समिति का गठन किया है। आदेशानुसार गठित समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर होंगे तथा सदस्य सचिव आयुक्त, नगर पालिक निगम होंगे। समिति में सदस्य के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला आपूर्ति अधिकारी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला खेल अधिकारी, कार्यपालन अभियंता शहरी संभाग मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड एवं उपायुक्त नगर पालिक निगम होंगे।

### मांस-मछली विक्रय को निगम ने कराया प्रतिबंधित

**कटनी।** शनिवार को खिरहनी के पास खुले में मांस मछली विक्रय करने वाले 06 दुकानदारों को निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं अतिक्रमण दस्ते की टीम ने हटाने की कार्यवाही की।

## संस्था प्रभारियों को समुचित व्यवस्थाएं करने दिये गए निर्देश

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रांरभिक परीक्षा आज, जिले में 1953 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन आज रविवार 17 दिसंबर को कटनी मुख्यालय स्थित 06 परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 से 12 एवं द्वितीय पाली दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक दो सत्रों में किया जाना है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा नें जिले 6 परीक्षा केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को रविवार को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु समुचित आवश्यक व्यवस्थाएं करने हेतु निर्देशित किया है।

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 हेतु रविवार को चिन्हित 6 केन्द्रों शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झिंझरी में 240 अभ्यर्थी, शासकीय मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल झिंझरी में 250 अभ्यर्थी, बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल में 300, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल सिविल लाईन में 400, शासकीय तिलक महाविद्यालय बरही रोड खिरहनी कटनी 450 तथा शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर कटनी में 313 कुल 1953 अभ्यर्थी पारीक्षा में शामिल होंगे।

### कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना कमलकांत परस्ते द्वारा परीक्षा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का कार्यदायित्व सौंपा है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार आशीष अग्रवाल तहसीलदार कटनी को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झिंझरी, शासकीय मॉडल हायर सेकेन्ड्री स्कूल झिंझरी एवं शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवनगर कटनी में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखनें हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी तरह श्री विवेक मूले अधीक्षक भू- अभिलेख को शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी हेतु एवं श्री शिवभूषण सिंह नायब तहसीलदार मुड़वारा नंबर 2 को बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल, नालंदा हायर सेकेन्ड्री स्कूल सिविल लाईन में कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

### ये सामग्री रहेगी वर्जित

आयोग के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, धूप का चश्मा, कफलिंक, हाथ के बैण्ड, बंधन धागे, रबर, पेंसिल, व्हाइटनर, बालों का क्लेचर, वक्कल, घड़ी, बेल्ट, पर्स, टोपी लाना परीक्षा केंद्र पर वर्जित हैं। साथ ही चेहरे को ढ़ककर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश वर्जित होगा। जिन अभ्यर्थियों के फोटो प्रवेश पत्र पर नहीं छपे है, वे अपना फोटो राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कर एक सादे कागज पर नाम रोल नंबर आवेदन पत्र की छायाप्रति आदि सभी आवश्यक जानकारी लिखकर केंद्राध्यक्ष से संपर्क कर सकेंगे।

## खुले में मांस व मछली बेचने वाली 27 दुकानों पर कार्यवाही




मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली विक्रय को प्रतिबंध किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन में बरगवां स्थित खुले में मांस मछली विक्रय करने वाले 27 दुकानदारों को निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं अतिक्रमण दस्ते की टीम ने हटाने की कार्यवाही करते हुये व्यापारी बंधुओं को निर्देश का पालन कर कार्यवाही से बचने की हिदायत दी।

## पुलिस ने मंडला जिले की निवास तहसील से किया गया गिरफ्तार

# मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी में हुई डकैती का एक और आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बीते वर्ष 26 नवंबर को रंगनाथ थाना अंतर्गत मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस कंपनी के दफ्तर में हुई सशस्त्र लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया था।

मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस ऑफिस से 16 किलो सोना व 3 लाख 50 हजार रुपए नकद की डकैती करने वाले आरोपी बिहार के शातिर सोना लूट गैंग के सदस्य हैं। यह जानकारी इस मामले में गिरफ्तार दो बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में किया था। पुलिस ने इन्हें मंडला जिले की निवास तहसील से गिरफ्तार किया था। इसके बाद कटनी पुलिस लगभग एक माह आरोपियों की तलाश में बिहार और नेपाल पहुंची थी लेकिन इस दौरान पुलिस खाली हाथ लौटी थी। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह का सरगना सुबोध सिंह वर्तमान में बिहार की बक्सर जेल में बंद है। यह गिरोह गोल्ड फायनेंस कंपनियों को ही निशाना बनाता है और अब तक देश के कई शहरों में वारदात कर 300 किलो सोना लूट चुका है।



इसी मामले का एक और फ़रार आरोपी विकाश उर्फ निक्कू नामक युवक महाराष्ट्र से पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए उक्त युवक के बारे में कोई खास जानकारी नही दी।

## धर्मगुरूओं ने कहा प्रशासन के हर निर्णय पर हम साथ हैं

# धर्मगुरूओं ने तय मापदंड के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर जताई सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

धार्मिक स्थल और अन्य स्थलों पर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण विनिमय और नियंत्रण नियम के प्रावधानों के तहत सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा समय- समय पर जारी दिशा- निर्देशों के अनुक्रम में धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों में तय मापदण्ड के अनुरूप ही लाउडस्पीकर व डी.जे. के उपयोग के संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के बाद ही कटनी जिले के कई धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों ने स्वस्फूर्त ही लाउडस्पीकर उतारने की सार्थक पहल का नायाब उदाहरण पेश किया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में धार्मिक एवं अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में शनिवार को आयोजित धर्मगुरूओं की बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने श्री राम तिलक हनुमान मंदिर के प्रबंधक संतोष कुमार कुशवाहा द्वारा स्वेच्छा से लाउडस्पीकर हटानें की जानकारी दी। जिस पर बैठक में सभी समुदाय के धर्मगुरूओं ने ताली बजाकर इस अभिनव कार्य की सराहना की।

सौहार्द्रपूर्ण माहौल में आयोजित बैठक में सभी समुदाय और पंथ के धर्मगुरूओं ने कटनी के अमन, भाईचारे और शासन के आदेशों व निर्देशों की सदैव पालन करनें की भावना को प्रदर्शित करते हुए निर्धारित मापदंड के अनुसार ही लाउडस्पीकर व डी.जे बजाने की सर्वसम्मति से सहमति जताई।

कलेक्टर ने बैठक मे कहा कि धर्म का काम समाज को दिशा दिखाना है। धर्मगुरू समाज के मार्गदर्शक है। उन्होंने सभी से शासन व सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार तय मापदण्ड के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करने का आग्रह किया। इस पर मुस्लिम, हिन्दू, सिख और इसाई समुदाय के धर्मगुरूओं ने इस नियम के पालन हेतु सहमति जताई। कलेक्टर ने विशेष अवसरों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति प्राप्त करने की जानकारी भी दी।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने धर्मगुरुओं से कहा कि धार्मिक स्थानों पर लाउडस्पीकर का उपयोग विधिवत अनुमति लेकर एवं निर्धारित मापदंडों के अनुसार करने हेतु सहयोग अपेक्षित है। पूर्व से संचालित लाउडस्पीकरों की भी अनुमति लेकर उपयोग करें।

कलेक्टर ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में दिन के समय 55 डेसीबल एवं रात के समय 45 डेसीबल, औद्योगिक क्षेत्र में दिन के समय 75 डेसीबल, रात के समय 70 डेसीबल, वाणिज्य क्षेत्र में दिन के समय 65 डेसीबल एवं रात के समय 55 डेसीबल तथा शांत क्षेत्र में दिन के समय 50 डेसीबल एवं रात के समय 40 डेसीबल ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है। जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

एसपी ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर नियंत्रण संसबंधी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। एसपी अभिजीत रंजन ने कहा कि जिले में लाउड स्पीकर एवं डीजे के उपयोग को लेकर जारी आदेशों का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में महापौर ने बैठक में दिये निर्देश

# सरकारी योजनाओं से हर पात्र हितग्राही लाभान्वित होना चाहिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में 16 दिसम्बर को एमआईसी हॉल में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष मनीष पाठक निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल एमआईसी सदस्य रमेश सोनी सुभाष शिब्बू साहू बीना बैनर्जी तुलसा बेन पार्षद सीमा श्रीवास्तव शकुन्तला सोनी रेखा संजय तिवारी प्रभा गुप्ता सुमित्रा रावत सुशीला कोल शशिकांत तिवारी ओमप्रकाश बल्ली सोनी राजेश भास्कर गोविंद चावला पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक एवं अधिकारी कर्मचारियों की गरिमामयी मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई है।

### चिन्हित कर करें लाभांवित

इस मौके पर महापौर ने श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि शासन की जनहितकारी कल्याणकारी महत्वपूर्ण योजनाओं से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।जिन पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा उनको चिन्हित कर नाम नोट कर उनकी कागजी खानापूर्ति में निगम अधिकारी सहयोग करें जिससे पात्र सभी व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हो सके



### 21 दिसंबर से लगेंगे शिविर

बैठक में शासन की प्रमुख महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम सीमांतर्गत 21 दिसम्बर 2023 से 25 दिसम्बर 2023 तक 09 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जावेगा। 21 दिसम्बर को शासकीय स्कूल पहरूआ में प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक बस स्टेण्ड आंडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक 22 दिसम्बर को खिरहनी स्कूल के पास प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक तिलक कालेज के पास दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक 23 दिसम्बर को साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक सीएलपी स्कूल के सामने दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक 24 दिसम्बर को गोल बाजार में प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक पुरानी पुलिस चौकी झिंझरी में दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक एवं 25 दिसम्बर को माधवनगर उपकार्यालय में 9 बजे से 12 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। बैठक में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहायक यंत्री सुनील सिंह आदेश जैन सुधीर मिश्रा योजना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय सिटी मैनेजर एनयूएलएम यश रजक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

# राज्य एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु पर्यवेक्षक आब्जर्वर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन रविवार 17 दिसंबर को कटनी मुख्यालय स्थित 06 परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 से 12 एवं द्वितीय पाली दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक दो सत्रों में किया जाना है।

जिले के 6 परीक्षा केन्द्रों में नामांकित कुल अभ्यर्थियों की संख्या 1953 है। परीक्षा प्रभारी अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के 6 परीक्षा केन्द्रों पारीक्षा केन्द्रों हेतु मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा 6 अधिकारियों को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 4/1 शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज झिंझरी कटनी हेतु डॉ. विनय बाजपेयी शासकीय तिलक कॉलेज कटनी, केन्द्र कमांक 4/2 शासकीय मॉडल हायर सेकेडरी स्कूल झिंझरी कटनी हेतु डॉ. महेन्द्र प्रताप यादव शासकीय तिलक कॉलेज कटनी, केन्द्र क्रमांक 4/3 बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिशन चौक कटनी हेतु डॉ. करूनेश प्रताप मिश्रा शासकीय तिलक कॉलेज कटनी, केन्द्र कमांक 4/4 नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाईन हेतु अतुल कुमार शासकीय तिलक कॉलेज कटनी, केन्द्र क्रमांक 4/5 शासकीय तिलक कॉलेज खिरहनी कटनी हेतु डॉ. साधना जैन शासकीय कन्या कॉलेज कटनी तथा केन्द्र कमांक 4/6 शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय माधवनगर कटनी हेतुश्री अजय कुमार कुरसिया शासकीय तिलक कॉलेज कटनी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### अनुविभागीय अधिकारियों को जारी किये निर्देश

**कटनी।** शासन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रसारित किये गये है। जारी निर्देशानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे सके इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में शनिवार से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारभ की जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आदेश जारी कर जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के जारी रूट चार्ट अनुसार कार्यक्रम स्थल पर विभागीय स्टॉलों लगाये जाने हेतु अपने स्तर से तिथिवार, कार्यक्रमवार विभागीय एक प्रति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कटनी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

### विभागीय कार्य में लापरवाही पर जारी किया नोटिस

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण किया है। जिसमें प्र. कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा को लोक निर्माण विभाग के कार्यो हेतु सक्षम प्राधिकृत अधिकारी के दायित्व सौंपे है एवं सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री को जल प्रदाय विभाग एवं जलकर शाखा का विभाग प्रमुख, ई-नगरपालिका प्रणाली अंतर्गत नगरीय सीमा क्षेत्र में नवीन नल कनेक्शन प्रदाय एवं नल कनेक्शन विच्छेद आदि की स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकृत अधिकारी, निगम की विभिन्न शाखाओं के लिए लोक सूचना अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। निगमायुक्त द्वारा विभागीय कार्यो की बारीकी से मॉनीटरिंग की जा रही है, विभागीय कार्य में लापरवाही करने के कारण स्वास्थ्य विभाग के लिपिक संजय चैदहा, सहायक ग्रेड-3 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया एवं संबंधित का जबाब संतोषजनक न होने से संबंधित कर्मचारी को निलंबित किया जाकर, कार्यालय अधीक्षक के पास संलग्न किया गया है। निगमायुक्त द्वारा निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारी को विभागीय उत्तरदायित्वों एवं शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में करने के निर्देश दिये गये है।

### आयन कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सिलौंडी।** आयन कप क्रिकेट प्रतियोगिता का सिलौंडी में शुभारंभ हुआ। सिलौंडी के श्रीराम बाग स्टेडियम में मुख्य अतिथि आयन राय , उपसरपंच राहुल राय मिंटू भैया , पंडित रवि अवस्थी मंडलम अध्यक्ष कांग्रेस , अंकुल बर्मन ,पंच पुनीत सेन ,पंच श्यामदत्त राय , संतोष काछी ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया है । पहला मैच बघराजी और देवरी के बीच 12 -12 ओवर का मैच खेला गया । जिसमें बघराजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 140 रन बनाये । जवाबी पारी खेलते हुए देवरी की टीम 12 ओवर में 129 ही बना सकीं । देवरी के सत्यम की 55 रन की पारी जिसमें 7 छक्के लगे । मैच ही बहुत बहुत रोमांचक रहा है । मैच की कमेंट्री सौरभ सेन ने की ।

### ढीमरखेड़ा व रामपुर बरेली के बीच करोड़ों की लागत से बनी थी सड़क

# जगह जगह सड़क के धंसने और गड्ढों की वजह से बनी है हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा से रामपुर बरेली के बीच करोड़ों की लागत से बनाई गई सड़क कई जगह धंस गई है। सड़क धंसने से हादसे की आशंका बनी हुई है। समय रहते ध्यान नहीं दिया तो कोई भी दुर्घटना हो सकती है। स्लीमनाबाद से शुरू होकर उमारियापान ढीमरखेड़ा होते हुए विलायत कला तक जाने वाली इस सड़क का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से कराया गया था। सड़क पर अब जगह जगह गढ्ढे निकल आये हैं। सड़क के खराब होने से सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं 75 किलोमीटर की इस सड़क के बनने से शहर के कई मार्ग इससे जुड़ते हैं। इस मार्ग से कटनी के अलावा जबलपुर ,उमरिया और शहडोल, अनूपपुर जिले के लोग सफर करते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इसका ठेका जिस निर्माण एजेंसी को दिया उसने अपने हिसाब से काम किया, अधिकारियों ने समय समय पर मॉनीटरिंग नहीं की। अगर अधिकारियों ने देखा होता तो सड़क की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होती और न ही सड़क धंसकने व उखड़ने की शिकायत आती। स्थिति यह है कि ढीमरखेड़ा से रामपुर यानि कि एक से डेढ़ किलोमीटर के नजदीक करीब चार से छह जगह सड़क धंसक चुकी है, जिससे गहरे गड्ढे हो गए हैं। वहीं इसके आगे की बात करे तो विलायत कला पहुँचने के पहले कई जगह वेसमेंट में पड़ी गिट्टी तक उखड़ चुकी है।

#### नहीं कराई गई मरम्मत

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन होता है। यह मार्ग जबलपुर- कटनी- उमरिया को जोड़ता है। इसके चलते दिन रात यह मार्ग चलता है। जगह जगह सड़क खराब होने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। ढीमरखेड़ा और रामपुर में तो कई शासकीय संस्थान है। ऐसे में यहाँ लोगों का आना जाना बना ही रहता है। स्कूली बच्चे भी पैदल और वाहनों से आते हैं। जिम्मेदार नहीं चेते तो यहाँ कभी भी हादसा हो सकता है। उमरियापान से विलायत कला तक यह सड़क कई जगह से उखड़ गई और जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए। यहां तक कि सड़क निर्माण के दौरान ही समतलीकरण ठीक से नहीं किया गया था। जगह जगह पानी भर रहा था, उस पर एमपीआरडीसी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सफेदी से निशान भी लगाए थे लेकिन वहां मरम्मत नहीं कराई गई। जिससे कि आये दिन इस मार्ग पर हादसे और दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि यह सड़क अब एमपीआरडीसी से पीडब्ल्यूडी विभाग के हैंडओवर हो गई है। ऐसे में अब इस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग काम करेगा।

#### इनका कहना है

एसडीओ,लोक निर्माण विभाग एन.के. अग्रवाल का कहना है कि सड़क में जहां भी गढ्ढे है या सड़क धंसकी है। उस पर काम किया जाएगा। इसकी जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर सुधार हेतु कार्रवाई की जा चुकी है। स्वीकृति मिलते ही इस मार्ग पर काम कराया जाएगा। एमपीआरडीसी से महीने भर पहले ही यह सड़क पीडब्ल्यूडी में ट्रांसफर हुई है।



## धान उपार्जन कार्य में की जा रही अनियमिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

उपार्जन केन्द्रों में धान की गुणवत्ता का ख्याल रखने कलेक्टर अवि प्रसाद ने सभी केंद्रो प्रभारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा अधिकारियों को भी केंद्रो में जाकर निरीक्षण कर लापरवाही पर कार्रवाई करने की बात कही है।

उमरियापान स्थित धान उपार्जन केंद्र में केंद्र प्रभारी द्वारा अनियमितता की जा रही है। यहाँ विपणन सहकारी समिति मर्यादित के द्वारा उपज खरीदी जा रही है। धान की गुणवत्ता की जांच बगैर ही केंद्र प्रभारी उपज की खरीदी कर रहे हैं।केंद्र में पहले से रखी किसानों की उपज में फफूंद लग चुकी है। इतना ही नहीं धान अंकुरित भी हो आई है। ऐसे में फफूंद लगी और अंकुरित धान को उपज में मिलाकर तौलाई कराई जा रही है। कुल मिलाकर शासन प्रशासन के नियमों को धता बताते हुए केंद्र प्रभारी के द्वारा खरीदी की जा रही है।

किसानों की उपज की तौलाई के बाद केंद्र प्रभारी द्वारा तौलाई कराने के पहले बोरियों से उपज निकलवाई जा रही है। ऐसे में तय माप के अनुसार से बोरियों में कम उपज बच रही है। केंद्र प्रभारी ने बोरियों से उपज को निकलवाने के लिए अलग से मजदूरों को लगाया है। जो कि तौलाई के बाद इकट्ठा रखी बोरियों से धान की उपज निकाल रहे हैं। खरीदी में अनियमितता और कालाबाजारी के चक्कर में गेंहू की खरीदी में भी कलेक्टर अवि प्रसाद ने केंद्र प्रभारी को सस्पेंड किया था। लेकिन इस बार भी केंद्र प्रभारी के द्वारा अनियमितता शुरू कर दी गई है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

## बैंक स्वरोजगार योजनाओं के वितरण कार्य में तेज लाने कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में स्वीकृत स्वरोजगार योजनाओं के मामले में लक्ष्य के अनुरूप ऋण एवं अनुदान वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही राजस्व वसूली के प्रकरणों में बैंकों द्वारा ब्रिस्क योजना के मामले में वांछित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की।

बैठक में कलेक्टर ने 15 दिवस के अंदर सभी स्वरोजगार योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंको द्वारा शासन की प्राथमिकता वाली प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना के प्रकरणों में बैंकों द्वारा विशेषकर केनरा बैंक द्वारा रूचि नहीं लिये जाने पर गहन नाराजगी व्यक्त की। बैठक में बताया गया कि उद्यम क्रांति योजना के लाभार्थियों का विवरण भी पोर्टल में बैंक द्वारा नहीं दर्ज कराया गया।

इसी प्रकार केनरा बैंक कटनी द्वारा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत अनुसूचित जाति के 43 हितग्राहियों का 2014-15 से 2019 - 20 तक का आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा केनरा बैंक को 26 लाख रूपये की अनुदान राशि स्वीकृत करने के बाद भी हितग्राहियों को वितरित नहीं करने के मामले पर कलेक्टर ने गहन असंतोष व्यक्त किया। जिला संयोजक पूजा द्विवेदी ने बताया कि केनरा बैंक द्वारा 26 लाख रूपये के विरूद्ध अभी तक मात्र 10 हितग्राहियों को करीब 4.50 लाख रूपये के अनुदान वितरित होने की ही जानकारी तो दी जा रही है लेकिन लिखित मे हिसाब का विवरण बार-बार पत्राचार के बाद भी केनरा बैंक द्वारा नहीं दिया जा रहा है।

बैठक मे यह मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने केनरा बैंक को प्रदान की गई राशि और हितग्राहियों को स्वीकृत और वितरण की जानकारी मुहैया कराने बैंक के रीजनल मैनेजर को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि यदि 15 दिवस के भीतर रीजनल मैनेजर द्वारा इस मामले मे तथ्यपरक जानकारी नहीं दी जाती है तो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के भोपाल प्रतिनिधि को भी पत्र लिखकर केनरा बैंक की गतिविधि की जानकारी दी जाये।

### अमानक पालीथिन मिलने पर दुकानदारों पर जुर्माना कार्रवाई



निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में प्रतिबंधित गैर मानक पॉलीथिन के उपयोग को रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा गोल बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर चलानी कार्यवाही की गई । प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पलास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 तथा नगर के पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निगम के स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगाओं एवं क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारियों की उपस्थिति के द्वारा गोल बाजार में 12 दुकानदारों को अमानक पॉलीथिन का उपयोग करते पाये जाने पर 500 रुपये प्रति दुकानदार के नाम पर चलानी कार्यवाही की गई ।कार्यवाही के दौरान विभिन्न दुकानदारों, ठेले, गुमटी वालों को प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करने एवं नगर की स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई ।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने संकल्प यात्रा

## स्टॉल लगाकर किया जायेगा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रसारित किये गये है। जारी निर्देशानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे सके इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में शनिवार से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारभ की जा रही है।

कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा आई.ई.सी यात्रा आयोजन के दौरान विभागों द्वारा अपने- अपने स्तर से अलग- अलग लाभार्थियों एवं आमजन की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए कार्यक्रमों के दौरान विभाग प्रमुखों को स्टॉल लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

#### शंकाओं का निराकरण दिलाये योजना का लाभ

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग को पेंशन योजना का स्टॉल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य स्टॉल , उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को कृषि योजनाओं से संबंधित स्टॉल, जिला परियोजना प्रबंधक मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिलापंचायत को स्व सहायता समूहों के स्टॉल, लीड बैंक प्रबंधक को बैंकिंग क्षेत्र का स्टॉल, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को आदिवासी विकास का स्टॉल लगाकर आमजनमानस की शंकाओं का निराकरण एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित करने के निदेश दिए है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्राचार्य शासकीय तिलक महाविद्यालय , जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र को संस्कृतिक कायक्रमों के आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था करनें के निर्देश दिए है।

### कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश

## जिले में 26 जनवरी तक आयोजित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन निर्देशानुसार प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यांत्रा आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रसारित किये गये है। जारी निर्देशानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे सके इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में 16 दिसम्बर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारभ की जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य वंचित व्यक्ति तक पहुँचना तथा प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंच सके। सूचना प्रचार जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता पैदा करने के साथ ही वंचित तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों, अनुभव को साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदन, जानकारी के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन, चयन करना है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जावेगी। यात्रा के दौरान आई.ई.सी. वैन के माध्यम से नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये जावेगें। जिसमें आई.ई.सी. वैन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर पम्पलेट, बुकलेट आदि के माध्यम से सूचना का प्रचार-प्रसार किया जावेगा।

#### यात्रा का रूट चार्ट एवं कार्यक्रम

प्रत्येक वाहन के लिये नगरीय शहरी क्षेत्र में प्रति 10 हजार जनसंख्या पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जावे जिसमें पिछडी, कम आय वर्ग एवं सघन शहरी बस्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। नगरीय क्षेत्रों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते है। उक्त यात्रा के दौरान जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जावे एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता अनिवार्य रूप से कराई जावे इसके साथ ही प्रयास यह भी होना चाहिये की कम से कम 05 प्रतिशत जनता की भागीदारी कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से रहें। आई.ई.सी. वैन कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर निर्धारित क्रम में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्राप्त होने वाले सभी आवेदन पत्रों का त्वरि निराकरण हो सके इस हेतु सभी कार्यालय प्रमुख अपनी अपनी योजनाओं के मापदंड अनुसार हितग्राहियों क लाभान्वित किये जाने हेतु सतत कार्यवाही करेंगें। इस अभियान के सफल संचालन हेतु गठित जिला स्तरी क्रियान्वयन समिति के सदस्य एवं नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी यात्रा अवधि के दौरान क की प्रतिदिन समीक्षा कर अभियान का पर्यवेक्षण करेगें एवं शत प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त कर सुनिश्चित करेगें । कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जावे ।

### कलेक्टर ने प्राचार्यों की बैठक में किया मिशन फाइनल-30 लांच, स्टाफ की मेहनत को सराहा

# हर विषय के 3 सौ प्रश्नों की तैयारी कर बोर्ड परीक्षा देंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के हाई स्कूलों और हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में मिशन-45 के तहत परीक्षाओं की तैयारी करने में गंभीरता से जुटे प्राचार्यों और शैक्षणिक स्टाफ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने प्राचार्यों से प्रतिदिन शाम को समय निकालकर व्यक्तिगत रूप से सभी विषयों के शिक्षकों से प्रगति की जानकारी भी अवश्य लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह बात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित जिले के प्राचार्यों की बैठक में कहीं।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि, विवेक दुबे सहित प्राचार्य गण मौजूद रहे।



कलेक्टर ने प्राचार्यों से कहा कि हर दिन बीतने के साथ ही परीक्षा की तैयारी के लिए समय कम होता जा रहा है। इसलिए अब हम सबको और अधिक जिम्मेदारी महसूस कर स्वयं अधिक मेहनत करने और छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि मैंने स्कूलों के भ्रमण के दौरान देखा कि छात्रों को भी मिशन-45 खूब रास आ रहा है। छात्र इसके अनुसार मेहनत भी कर रहें हैं। परीक्षा के लिए कम दिन शेष होने की वजह से बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर छात्रों की तैयारी कराने के लिए मिशन फाइनल-30 को लांच करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि एक माह अर्थात पूरे 30 दिन तक प्रत्येक विषय के 10 प्रश्न हर दिन स्कूलों में भेजें जायेंगे। जिसमें 4 प्रश्न एक अंक, 3 प्रश्न दो अंक, दो प्रश्न 3 अंक का और एक प्रश्न 4 अंक का होगा।

कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार 30 दिन में हर विषय के 300 प्रश्नों की तैयारी करने से छात्र आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। उन्हें विषय का बेहतर ज्ञान होने की वजह से परीक्षा का डर और भय नहीं रहेगा और वे बिना किसी मानसिक तनाव के परीक्षा देकर बेहतर परिणाम अर्जित कर सकेंगे।

कलेक्टर ने स्पष्ट तौर पर कहा कि स्कूलों के बोर्ड परीक्षा परिणामों को सुधारने के कार्य में प्राचार्यों को लीडरशिप की भूमिका निभानी होगी। तभी किये जा रहे तमाम प्रयास फलीभूत होगें।

#### प्राचार्यों ने सुनाये अनुभव

प्राचार्यों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मिशन-45 के तहत मिले आधार बुकलेट से छात्रों के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों में आशातीत सुधार परिलाक्षित हुआ है। गोपालपुर स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि जब प्राचार्य बदलाव करने की ठान लेंगे तभी परिणाम बेहतर मिलेंगे। वे स्वयं छात्रों को पढ़ाते हैं।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य मिशन-45 और इसके घटक मिशन फाइनल-30 की अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करते रहें।

#### अंग्रेजी पर दें खास ध्यान

कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम के आंकलन और स्कूलों के दौरों के दौरान यह पाया कि अधिकांश छात्र अंग्रेजी विषय में कमजोर हैं। इसलिये अंग्रेजी विषय की तैयारी पर छात्रों के साथ विशेष मेहनत की जाये।

## निर्वाचन परिणामों की घोषणा तक शस्त्र अनुज्ञप्तियां निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के आदेशानुसार नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन -2023 (उत्तरार्ध) की घोषणा के साथ ही संबंधित उप निर्वाचन क्षेत्रों में 06 दिसंबर से 11 जनवरी 2024 तक आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन -2023 (उत्तरार्ध) अवधि में चुनाव प्रचार-प्रसार रैली से संचालन करने के लिये साम्प्रदायिक, लोक व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से आदर्श आचरण संहिता लागू क्षेत्रों में आग्नेय शस्त्रों का प्रदर्शन पूर्णतः वर्जित रहेगा, शस्त्रों को घर पर रखना होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 के प्रावधानों के तहत कटनी जिले के उप निर्वाचन क्षेत्र नगरीय निकाय के संबंधित वार्ड तथा पंचायत निर्वाचन में जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 15 की पंचायतों एवं पंच पद के वार्ड निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत थाना क्षेत्रों की शस्त्र अनुज्ञप्तियां तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार मजिस्ट्रेट, पुलिस सशस्त्र बल, रेल्वे पुलिस, सेना, होमगार्ड, कॉमर्शियल बैंकों, गोल्ड लोन, कंपनिया इत्यादि की सुरक्षा हेतु पदस्थ सुरक्षा गाड़ों को जिनको शस्त्र अनुज्ञप्ति फार्म नं. ||| में कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रदाय की गई है, को मुक्त रखा गया है। राष्ट्रीय राइफल एसोशिएशन से जुड़े हुए खिलाडी सदस्य को प्रतिबंधों से छूट रहेगी।

## खबर संक्षेप

### छत्रसाल मैदान में मनाया गया प्रहार दिवस

**पवई।** सन 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में विश्व के सबसे बड़े सैन्य आत्म समर्पण के रूप में विजय दिवस को मनाया जाता है, इस दिन भारत के सैनिकों के सामने 93 हजार सैनिकों ने आत्म समर्पण किया था,जिसके उपलक्ष्य में स्वयंसेवक अपने दंड के माध्यम से सामूहिक रूप से अपनी-अपनी शाखों में प्रहार लगाते हैं जो शौर्य और पराक्रम का परिचायक है शनिवार को पवई महाराजा छत्रसाल मैदान में भी यह प्रहार दिवस सुबह 7:30 बजे से मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवक मौजूद रहे द्य प्रतिवर्ष पूरे देश में मनाया जाता है।

### पंडवन नदी पुल के नीचे मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उडल ग्राम के समीप निकली पंडवन नदी में पुल के नीचे एक 22 वर्षीय युवक की लाश मिलने से थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक आनंद सिंह यादव पिता गजराज सिंह यादव उम्र 22 वर्ष निवासी सिरसी हाल निवास रामपुर बताया जा रहा है जिसकी लाश नदी में मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया एवं सुनवानी थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ ने मौका मोआइना किया एवं संदिग्ध अवस्था में पड़ी लाश को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस की माने तो प्रथम दृष्टि में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है क्योंकि युवक की मोटर बाइक पुल के ऊपर ही खड़ी थी और युवक की लाश पुल के नीचे नदी में पड़ी मिली।

### मानदेय अच्छा तो ड्यूटी करने के लिए चहेते न्यूनतम मानदेय में गायब

**पन्ना।** शिक्षा विभाग जोकि जीवन के मूल्यों को स्वयं ही निखारता है तथा कर्तव्य बोध व कर्तव्य निष्ठ की शिक्षा की दिशा तय करते है शिक्षक वहीं ईमानदारी का पाठ भी पढ़ाया जाता है। शिक्षा संस्कार को लेकर शिक्षक ही देश के भावी नागरिकों का निर्माण करते है। पर जब शिक्षक ही मानदेय को देखकर कर्तव्य निभाने को लेकर चल पड़े तो फिर क्या भविष्य तय होगा सवालिया निशान?मामला पन्ना जिले में लोकसेवा आयोग के माध्यम से आयोजित होने वाली परीक्षा पी.एस.सी. के केन्द्रों में ड्यूटी करने को लेकर खेल के रूप में अक्सर खेला जाता है। जो इस बार भी चर्चा में है। गौरतलब बात यह है कि इस परीक्षा में ड्यूटी करने के लिए मानदेय जो मिलता है वह अच्छा खासा माना जाता है। वहीं जिन परीक्षाओं में मानदेय कम होता है या मिलने की बात ही नहीं होती तो यहां ये कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक ड्यूटी करने से परहेज करते है। आखिर जब शिक्षा विभाग में इस तरह शिक्षकों के द्वारा ही कार्यप्रणाली को अंजाम दिया जायेगा तो फिर संदेश क्या जाना जाये। क्या शिक्षक पैसे के पीछे ड्यूटी करने के लिए अब अपने आप को सुपरमैन साबित करना चाहते है या कि शिक्षा विभाग में संस्कार तथा जीवन निर्माण की मूल्य निष्ठ शिक्षा देने को लेकर अपना दायित्व निभाने के लिए उचित मानेगें। आखिर जिले में शिक्षा विभाग से ही विकास की आधार की दिशा तय होती है शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता होता है वहीं जिले में शिक्षा विभाग की एक गरिमा अन्य विभागों से अलग ही जानी जाती है पर जब इस तरह के हालात ड्यूटी को लेकर खेल खेले जाये ।

## थाना परिसर में बैठक लेकर एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश

# खुले में नहीं बेच सकेंगे मांस, मछली और अंडा, लाउड स्पीकर भी नियमानुसार बजेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मध्य प्रदेश सरकार के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा शपथ ग्रहण के तुरंत बाद जारी किए गए आदेश के अनुसार अब तेज ध्वनि में की जाने वाली आरती एवं जान तथा खुले में अभी तक बिक रही अंडा मांस मछली पर रोक के आदेश जारी किए गए हैं जिसका शक्ति से पालन करने शनिवार की शाम पुलिस थाना परिसर में एसडीएम रीता डहेरिया एसडीओपी नितेश पटेल थाना प्रभारी मनीष मिश्रा सीएमओ राजेंद्र खरे सीईओ बीएस यादव सहित नगर के मंदिरों के महंत, पुजारी व मस्जिदों के प्रमुख सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश जारी किए।बैठक में एसडीएम रीता डेहरिया व एसडीओपी नितेश पटेल मध्य प्रदेश शासन की आदेश को पढ़कर सुनाते हुए सभी लोगों से अपील की कि धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउडस्पीकर डीजे निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही उपयोग किया जा सकेगा जिसका शक्ति से पालन करना अनिवार्य होगा। राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण तथा लाउडस्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जांच के लिए उड़ान दस्ती गठित किया जा रहे हैं जिसमें नगर पालिका राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारीयों की संयुक्त टीम गठित होगी। यदि निरीक्षण के दौरान व शिकायत मिलने पर नियमों का पालन नहीं हुआ तो सख्त कार्यवाही किए जाने की बात कही। एसडीएम ने बताया कि विभिन्न धर्म स्थलों में निर्धारित डेसीबल के अनुसार ध्वनि यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा साउंड की आवाज परिसर से बाहर न जाए ताकि आपके मंदिरों मस्जिदों पर बज रहे साउंड से दूसरों को दिक्कत न हो जिसका आज से ही सक्ति से पालन करना होगा।

### खुले में मांस मछली अंडा के विक्रय पर प्रतिबंध

आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम रीता डेहरिया ने बताया कि शासन के आदेश अनुसार खुले में मांस मछली अंडा की दुकान है ना लगाई जाए इससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है निर्धारित स्थान पर ही मांस मछली अंडा की दुकानें संचालित की जावे। एवं दुकान में संचालित करने के लिए नगर पालिका व खाद्य विभाग से रजिस्ट्रेशन लाइसेंस अनिवार्य होगा। ध्यान देने वाली बात है कि नगर पालिका के पीछे निर्धारित स्थान के अलावा फिलहाल मीट मछली अंडा की दुकानें रहवासी इलाकों में लग रही हैं लेकिन अब नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में भी बिना अनुमति लाइसेंस प्राप्त किए खुले व निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त मांस मछली अंडा का विक्रय किया गया तो उक्त व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। एवं अधिनियम के अंतर्गत मांस मछली अंडा के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच दरवाजा एवं साफ सफाई की संपूर्ण व्यवस्था होना अनिवार्य है इसी के साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल की मुख्य द्वार के सामने से 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय पूर्णता प्रतिबंधित है। बैठक में देवश्री रामगोपाल मंदिर के महंत श्री श्यामदास जी महाराज, बालाजी मंदिर महंत श्री हरिराम दास महाराज चंडी जी मंदिर ट्रस्ट से श्री विनय दवे, यासीन खान, हाजी हककू खान, शमशाद खान सहित नगर के पत्रकार गण एवं दुकानदारों की उपस्थिति रही।

## भक्त प्रहलाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर सुनाई कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा इसके तीसरे दिन कथा वाचक बाल व्यास ऋषिकांत गर्ग जी ने ध्रुव चरित्र भक्त प्रहलाद चरित्र और भगवान श्री नरसिंह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थित के बीच कथा की शुरुआत भागवत आरती और प्रार्थना की साथ की गई। कथा वाचक श्री गर्ग जी ने कहा जितने प्यार से भोजन करते हो उतने प्यार से भजन करो। उन्होंने कहा हिरना कश्यप मैं भक्त पहलाद को खत्म करने भस्म करने के लिए लकड़ियों के चारों तरफ जल्लाद खड़े कर दिए इस दौरान आग का भयानक जलवा हुआ। तब भक्त पहलाद ने इतना ही कहा अच्छा भगवान अच्छा मेरे राम तेरी मर्जी और भक्त प्रहलाद बच गए। भगवान नरसिंह अवतार में हिर्नाकश्यप को मार कर भक्त पहलाद को बचाया भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता-पिता की सेवा कर सकें गौ सेवा साधु की सेवा कर सकें भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पर उतर जाता है। उन्होंने कहा भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आवाहन किया। इस दौरान भगवान के भजनों की प्रस्तुति से श्रोता भाव विभोर हो गए ग्राम में राजपूत परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह है का भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है जिसमें भगवान श्री कृष्ण के प्रति भक्ति सहित अन्य प्रसंगों पर प्रवचन दिए जा रहे हैं।

# पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

### ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर लोगों ने की डॉ. कुसमरिया की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश सरकार के नए गठन उपरांत म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त पूर्व कृषि मंत्री डां.रामकृष्ण कुसमरिया के प्रथम नगर आगमन पर दमोह नाका स्थित पेट्रोलपंप पर नगर व विधानसभा क्षेत्र व हजारों कार्यकर्ताओ समर्थको ने गर्म जोशी के साथ डां.कुसमरिया का भव्य स्वागत किया। प्रदेष के नवागत मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव द्वारा पदभार ग्रहण करते ही सर्वप्रथम वरिष्ठ भाजपा नेता डां.कुसमरिया को प्रथम नियुक्ति आदेश कर उन्हें म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष की शपथ दिलाई गई जिससे समूचे विधानसभा क्षेत्र में कुर्मी समाज के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओ में हर्ष की लहर व्याप्त है जहां शनिवार को



उनके प्रथम नगर आगमन पर बेसब्री से इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओ ने नगर में जगह-जगह पुष्पमाला पहनाकर डां. कुसमरिया का स्वागत किया गया जिसमें सर्वप्रथम कुसमरिया पेट्रोलपंप पर हजारों की तादाद में उनके समर्थको ने स्वागत किया वही नवोदय के समीप कुसुम ऐंजेसी पर भरत राय व उनके मित्र मंडली द्वारा स्वागत किया गया उसके उपरांत खचना नाका पर मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा भी हर्ष उल्लास के साथ डां. कुसमरिया का स्वागत किया वही अस्पताल के समीप भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चन्द्रभान पटैल व अन्य कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत वंदन किया गया।इस मौके पर विधायक उमादेवी खटीक, बहादुर पटैल, रामू कुसमरिया, युवराज कुसमरिया, डां.गोपाल कुसमरिया, अंकुश खटीक, खूबचंद पटैल, सुरेश पटैल, संतोष पटैल, कन्हैया पटैल, जुगल किशोर पटैल, पटेरा से बद्री पटैल, हरप्रसाद चौरसिया एवं लक्ष्मण तिवारी, प्रिंसदीप खटीक, रणधीर दाहिया, राजेश पटैल, रत्नेश खटीक, सौरभ नेमा, हाकम सींग, रसीद सिद्दीकी, राजेश भाई पटेरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। वही दूसरी ओर स्वागत सम्मान में आए क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओ द्वारा डां.रामकृष्ण कुसमरिया को आगामी लोकसभा चुनाव में दमोह लोकसभा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनानें की मांग उठाई है।

# विस्थापन रोको यात्रा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नौरादेही अभ्यारण्य व दमोह जिले के सर्रा से जुड़े करीब 18 गांवो के लोग विस्थापन रोको यात्रा निकाल रहे थे जिस यात्रा का आज ग्राम सर्रा में समापन हो गया है। दरअसल बता दें कि सरकार ने हाल ही में नोरादेही अभ्यारण्य और रानी दुर्गावती अभ्यारण्य को जोड़कर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व घोषित किया है जिससे कई गांव विस्थापित किए जा रहे हैं। विस्थापन रोको यात्रा का सहयोग कर रहे अटल सेना के अध्यक्ष कवि चन्द्रभान सिंह लोधी ने बताया कि आज यात्रा का तीसरा दिन था औऱ इस यात्रा को हम लोग समाप्त कर रहे हैं। 20 दिसंबर को एक नया इतिहास लिखा जाएगा जब दमोह की सड़कों पर ये आदिवासी लोग चलेंगे। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि आप भोपाल में बैठकर ऐसा कानून कैसे बना सकते हैं जो जनता के हित में ही न हो। हम लोग यहीं मर जाएंगे लेकिन यहां से विस्थापित नहीं होंगे। यह लड़ाई हम लोग क़यामत तक लड़ेंगे। यात्रा में साथ दे रहे जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत पोर्ते ने कहा हम लोग 20 तारीख को बता देंगे कि कमजोर नहीं है। आप जो सपना लेकर हम लोगों को भगाना चाहते हैं वो मंसूबे पूरे नहीं होने देंगे। यात्रा में करीब 18 से 20 गांव के लोग शामिल हुए जिनमें कवि चन्द्रभान सिंह लोधी, श्रीकान्त पोर्ते, गोविंद सिंह अर्थखेड़ा, अर्जुन सिंह लोधी, नौने लाल परस्ते, देवी सिंह गौंड फुलर, नरेश सिंह सूरादेही, राहुल सिंह सूरादेही, मुलाम सिंह झापन, सचिन सिंह, परम सिंह गौड़ सारा, जगन सिंह गौंड सर्रा, जुगलकिशोर, रामप्रसाद, अशोक सिंह गौड़ फुलर, हल्लाई गौंड माधो, टेक सिंग गौंड सर्रा, टेक सिंह, राजाराम, अनारी, सोने सींग, परम बीडीसी, तुलसी राम कुदपुरा, दशरथ, कोमल चन्द बोरिया, महेश सींग, बैजनाथ, गुलाब जैन मंझगवा सर्रा, लटोरी सिंग, हल्लू, बबलू, हल्लेभाई, नन्हेभाई, पूरन, दिनेश खरे सरपंच सर्रा, धस्सी बंसल सरपंच बोरिया, पुस्सू सरपंच कुदपुरा, जगन सरपंच भैंसा, सोहन सींग, बलवंत यादव, कोमलचन्द जैन, जिनेश कुमार, राजकुमार सर्रा, कनई गौंड सर्रा, फागू कुतपुरा, प्रहलाद सिंह, सोनी सींग सनाई, बसोरी पटेल, खेत सिंग, कैलाश पटेल मझगवा, महेश सींग, शिवलाल, रमेश पटेल साथ ही नोरादेही विस्थापन संघर्ष समिति, अटल सेना, जयस के सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे।

## अक्षत कलश की शोभयात्रा निकाली

**नरसिंहगढ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्व धान में अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश ग्राम नरसिंहगढ़ भव्य दिव्य तरीके से शोभा यात्रा निकाली जिसमें भारी संख्या में मातृशक्ति और ग्राम के गण मान उपस्थित रहे। एवं अभियान में जितने भी कार्यक्रम होना है इसकी विस्तृत चर्चा हुई 22 जनवरी के होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विशाल शोभा यात्रा की गई एवं ग्राम वासियों को अवगत कराया गया। लक्ष्मण सिंह ने सभी राम भक्तों से राम भक्त अयोध्या पहुंचे। इसी क्रम में तीरथ पटेल ने कहा कि हर्ष का विषय है कि राम मंदिर का शिलान्यास होने जा रहा है। जब मंदिर निर्माण शुरू हुआ था तो निधि एकत्रित हुई थी जिसमें नरसिंहगढ़ ग्राम के आसपास से भेजी गई थी। विशेष सहयोग तीरथ पटेल व ग्राम के आसपास के लोगों का रहा था।



# लघुकथा संग्रह काश के लिए मिला सम्मान

**दमोह।** विदर्भ हिन्दी साहित्य सम्मेलन के उत्कर्ष सभागृह मे शैलेश साहित्य कुज के तत्वावधान मे भव्य साहित्यक कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इसमे देशभर से साहित्य की सभी विधाओ की पुस्तको आमंत्रित की गई थी। इनमे से 23साहित्यकारो का चयन किया गया। दमोह के ओजेन्द तिवारी को उनके लघु कथा संग्रह काश के लिए 1100 रू.नगद शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था अध्यक्ष डॉक्टर शशी वर्धन शर्मा शैलेश ने संस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज पांडे ने सम्मानित साहित्यकारों को उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए बधाई दी और आशा की कि भविष्य में भी ऐसा ही सारगर्भित साहित्य लेखन करते रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद उपाध्याय ने भी अपने संस्मरणों के साथ-साथ पुरस्कृत साहित्यकारों का तथा श्रोताओं का अपनी ओर से अभिनंदन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शशिकांत शर्मा ने किया। संस्था के सह संचालक नरेंद्र परिहार एकांत ने सभी का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। ओजेंद्र तिवारी की इस सफलता पर इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, पीएस परिहर, डॉक्टर अनिल जैन, पुष्पा चिले, प्रेमलता नीलम, मनोरमा रतले, अनिल नेमा, पुरुषोत्तम असाटी, हरिश्चंद्र सोनी, उत्तम पटेल, अरूण सेन, बृजभूषण शर्मा आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# हाईस्कूल किन्द्रहों में बाल मेले का आयोजन

### कबाड़ से जुगाड़ की युक्ति से बनाई कलाकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

शासकीय हाईस्कूल किन्द्रहों में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा कबाड़ से जुगाड़ थीम के तहत विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया, बाल मेले का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य भारद्वाज, सरपंच हीरा सिंह राव साहब, सचिव तखत पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सुभाष चंद्र जैन, अवधेश बड़गैयां प्रधानध्यापक तथा जन शिक्षक की विशेष उपस्थिति रही। छात्रों को भारद्वाज एवं एस सी जैन एवं अवधेश बड़गैयां ने



उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी मेला प्रभारी राहुल जैन शिक्षक ने बताया कि प्राचार्य संतोष जैन के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, छात्रों को विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक के साथ-साथ समय-समय पर बौद्धिक विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां कराई जाती हैं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य द्वारा किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।

# श्रीकृष्ण का दिव्य जन्मोत्सव मनाया

**दमोह।** बटियागढ़ वायपास के पास राजपूत परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथावाचक आचार्य पंडित मृदुल बिहारी शास्त्री महाराज ने कहा कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथी रोहिणी नक्षत्र बुधवार के दिन श्री कृष्ण का जन्म हुआ था. श्री कृष्ण का जन्म मथुरा की कारागार में हुआ था श्री कृष्ण का जन्म वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से आंठवी संतान के रूप में हुआ था. जन्म के बाद श्री कृष्ण को गोकुल नन्द यशोदा के पास भेज दिया गया था द्वापर युग में मथुरा के उग्रसेन राजा के बेटे कंस ने उन्हें सिंहासन से उतार कर कारगार में बंद कर दिया था और खुद को मथुरा का राजा घोषित कर दिया था कंस की चचेरी बहिन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ तय कर दिया गया और बड़ी धूम-धाम के साथ वसुदेव के साथ उनका विवाह कर दिया गया. लेकिन जब कंस देवकी को हंसी-खुसी रथ से विदा कर रहा था, उस समय आकाशवाणी हुई की, देवकी का आठवां पुत्र ही कंस का वध करेगा आकाशवाणी सुनकर कंस घबरा गया. आकाशवाणी के बाद कंस ने बहन देवकी की हत्या करने की ठान ली. लेकिन उस दौरान वसुदेव ने कंस को समझाया कि देवकी को मारने से क्या होगा. देवकी से नहीं, बल्कि उसको देवकी की आठंवी संतान से भय है. वसुदेव ने कंस को सलाह दी कि जब हमारी आठवीं संतान होगी तो हम आप को सौंप देंगे. आप उसे मार देना. कंस को वासुदेव की ये बात समझ आ गई. लेकिन वसुदेव और देवकी को कंस ने कारागार में कैद कर लिया. देवकी और वासुदेव की छः संतानों को कंस मार चुका था. अब आठवी संतान होने वाली थी . आसमान में घने बादल छाए थे, तेज बारिश हो रही थी, बिजली कड़क रही थी और भगवान श्री कृष्ण का जन्म लेने वाले थे. रात्रि ठीक 12 बजे कारगार के सारे ताले अपने आप टूट गए और कारगार की सुरक्षा में लगे सभी सैनिक गहरी नींद में सो गए. उसी समय वसुदेव और देवकी के सामने भगवान श्री विष्णु प्रकट हुए और उन्हें कहा कि वे देवकी के गर्भ से आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेंगे. इतना ही नहीं, भगवान विष्णु ने कहा कि वे उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां छोड़ आएं और वहां अभी-अभी जन्मी कन्या को ले आयें। वासुदेव ने भगवान विष्णु के बताए अनुसार ही किया. गोकुल से कन्या को लेकर आये कंस ने जैसे ही कन्या को मारने के लिए हाथ उठाया, कन्या आकाश में गायब हो गई और आकाशवाणी हुई कि कंस जिसे मारना चाहता है उनका तो जन्म हो चुका है आकाशवाणी सुनकर कंस और घबरा गया. कृष्ण को मारने के लिए कंस ने बारी-बारी से राक्षस गोकुल भेजे लेकिन कृष्ण ने सभी का वध कर दिया. आखिर में श्री कृष्ण ने कंस का भी वध कर दिया।

## श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से दमोह आया अक्षत कलश

**दमोह।** श्री राम मंदिर में श्री राम भगवान की प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व देश के अलग अलह हिस्सों से अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, इसी शोभायात्रा के लिए श्री मंदिर तीर्थ क्षेत्र समिति अयोध्या से दमोह के फुटेरा वार्ड नंबर 4 में अक्षत कलश की स्थापना की गई हैं। उक्त अक्षत कलश शहर के अलग अलग मार्गो से होता हुआ माँ बड़ी देवी में स्थापित होगा, शोभायात्रा आज 17 दिसम्बर 2023 को समय दोपहर 1 बजे माँ बड़ी देवी मंदिर से होते हुए गौरीशंकर चौराहा, महाकाली चौराहा, धगट चौराहा, घंटाघर, अंबेडकर चौराहा से होते हुए जेल गेट स्थित शिवशनी में अल्प विराम लेगी, इस कलश के माध्यम से शहर के अलग अलग हिस्सों से अक्षत एकत्रित होकर श्री तीर्थ क्षेत्र श्री राम मंदिर अयोध्या पहुचेंगे। इस शोभायात्रा में शहर के सभी आम जनमानस राम भक्तों की उपस्थिति रहेगी।



## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**हटा।** पेंशनर्स एसोसियन मध्यप्रदेश तहसील शाखा हटा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी पेंशनर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन नगर के मानस भवन में नेहरू पार्क के बाजू से किया जा रहा है जिसमें तहसील के समस्त पेंशनर्स उपस्थित रहेगें। आयोजित गरिमा में सम्मान समारोह में 80बर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को सम्मानित किया जाएगा। पेंशनर्स जवाहर राय ने सभी पेंशनर्स साथियों से दोपहर 1 बजे मानस भवन में उपस्थित होने की अपील की है।

### सरपंच, सचिव सहित ग्रामवासियों ने एसडीओपी को दिया ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम सैलबाडा में इस समय दहशत का माहौल व्याप्त है दहशत के माहौल को लेकर ग्राम के सरपंच ,सचिव सहित ग्रामवासियों ने एक ज्ञापन पुलिस एसडीओपी डी एस ठाकुर एवं थाना प्रभारी फेमीदा खान को शनिवार को एक ज्ञापन दिया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि ग्राम में चल रही दहशत को लेकर ग्रामवासियों द्वारा एक विशेष बैठक की गई है जिसमें समस्त ग्राम वासियो की उपस्थिति हुई, कुछ वर्ष पूर्व हमारे ग्राम सैलवाड़ा में तत्कालीन सरपंच स्वर्गीय उजियार सीग ठाकुर का ग्राम दुल्हेरा निवासी किशोरी लोधी एवं हल्लू लोधी द्वारा बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद इसे उसी ग्राम के निवासी सोनू पिला कलु लोधी, नन्छ पिला भगवानदास लोधी ने दिनांक 9 दिसंबर 2023 को फिर वही घटना दोहराने का प्रयास किया गया। उक्त दोनो व्यक्ति भारी बंदूक लेकर सैलबाडा मारने आये थे जिसमें ग्राम वासियों की सजगता के चलते पुलिष की सूचना देकर उन्हें पुलिस को दोनो व्यक्ति हवाले किया गया जिससे घटना घटित होने से रोकी गई। ऐसी घटनाओ आज समस्त ग्रामवासियो ने कि ग्राम दुलेहरा में बहुत से हथियार रखे होने की जानकारी मिल रही है पुलिष प्रशालन से अपेक्षा है कि पुनरावृति ना हो इसलिए हम ग्राम वासियों ने बैठक की है । पुलिस प्रशासन से मांग तत्काल अवेध हथियारों को जप्त करने सहित सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

### लकलका में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम सम्पन्न

# प्रधानमंत्री का सपना है देश लगातार प्रगति करते हुये विकसित देश बने: पूर्व मंत्री मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ आज पूर्व वित्तमंत्री एवं नवनिर्वाचित विधायक जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में जिले की ग्राम लकलका में हुआ। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश यादव, श्री हजारी, कमल राजू ठाकुर, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, सीईओ जनपद सहित अन्य विभागों के अधिकारी-जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन मौजूद रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 16 दिसम्बर को दोपहर चार बजे किया। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़े और हितग्राहियों से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ के साथ हुई। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री एवं नवनिर्वाचित विधायक जयंत मलैया ने कहा भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि देश लगातार प्रगति करते हुए, विकसित देश के रूप में उभरे। पीएम श्री मोदी के मार्गदर्शन में विकास का पहिया दोगुनी रफ्तार से दौड़ रहा है। जबसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मोर्चा संभाला है, तब से देश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अब देश फोरलेन कनेक्टिविटी, सस्ती हवाई यात्रा की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ ही देश में आज इलाज के लिये लोगों के पास आयुष्मान कार्ड हैं और लोगों के कार्ड लगातार बनाए जा रहे हैं, जिससे गरीब व्यक्ति भी अच्छा इलाज करवा पा रहा है। ऐसी ही एक जनहित योजना है जल जीवन मिशन, जिसमें हर एक व्यक्ति को टोटी के माध्यम से पानी की सुविधा प्राप्त हुई है इतने बड़े देश में यह कल्पना करना मुमकिन नहीं था, परंतु प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसे साकार रूप दिया और घर की महिलाओं, बेटियों को पानी ढोने के काम से मुक्त किया।

आयुष विभाग से आयुर्वेद के 55 एवं होम्यो के 34 मरीजों का उपचार प्रदान कर स्वास्थ्य लाभ दिया गया। इस कार्यक्रम में आये आमजन को स्वास्थ्य सबंधी समझाइश दी गई। इस मौके पर डाँ बी एम गौतम, डाँ डी एस ठाकुर, राजकुमारी गौतम, अंजना पटेरिया एवं औषधालय समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# लाउड स्पीकर एवं डीजे ध्वनि के संबंध में दी गई समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर के विभिन्न समाज के वर्गों की बैठक नगर पालिका दमोह में एसडीएम आरएल बागरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लाउडस्पीकर एवं डीजे ध्वनि को निर्धारित शासन के मानक स्तर पर अर्थात जो शासन ने डेसिबल निर्धारित किया हैं, के संबंध में समझाइश दी गई। साथ ही इसको पालन करने हेतु बताया गया। यह भी बताया गया कि भविष्य में यदि पालन नहीं किया जाता हैं तो शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर टीआई दमोह विजय राजपूत सहित अन्य वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही।

### मांस-मछली विक्रेताओं को निर्धारित मापदण्डो से अवगत कराते हुए पालन करने दिए गये निर्देश

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मांस-मछली जहां पर विक्रय किये जा रहे हैं, उनको व्यवस्थित करने एवं निश्चित मापदंडों का पालन कराने के लिए एसडीएम आर.एल. बागरी एवं नगर पालिका सीएमओ सुषमा धाकड़ की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर, विक्रेताओं को समझाइश दी गई। बैठक में कहा गया कि आगामी दिनों में यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो मांस-मछली विक्रेताओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# डॉ. कुसमरिया का भाजपा कार्यालय में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में किसान मोर्चा की जिला बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह के निदेशानुसार जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता व विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी किसान मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

बैठक मे जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एड हरिश्चन्द्र पटेल ने की। डाक्टर रामकृष्ण कुसमरिया का जिला पदाधिकारियों एवं किसान मोर्चा द्वारा साल श्रीफल के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं की जीत है उनके अथक परिश्रम और निरंतर के कारण इतनी बड़ी जीत मिली है साथ ही कहा कि प्रदेश ने नेतृत्व ने मुझे जो दायित्व दिया है पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि किशान मोर्चा सहित जिला भाजपा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत कर जिले की चारो बिधानसभा जीतकर जो इतिहास रचा है उसके लिए निश्चित रूप से सभी बधाई के पात्र हैं। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री गण को निर्देशित किया गया की प्रत्येक मंडल से एक -एक कबड्डी की टीम जिला प्रतियोगिता मे शामिल होगी।

कबड्डी प्रतियोगिता 21 दिसम्बर 2023 को आयोजित होगी, जिसमे प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह मुख्य आतिथ्य होगे, दमोह के विधायकगण व भाजपा के जिला पदाधिकारीगण की गरिमामय उपस्थिती रहेगी। बैठक में जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, उपाध्यक्ष संजय सेन, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र परिहार, मंत्री अरविंद उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, रामलाल उपाध्याय, वर्षा रैकवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखा जैन, मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन पटेल, किसान मोर्चा से भूपेंद्र सिंह, दिलीप पटेल, सुदमा पटेल, महेंद्र तिवारी, नरेश पटेल, हेमंत उदेनिया, बिहारी पटेल, कांशीराम यादव, गोविंद यादव, जगदीश यादव, पुरषोत्तम साहू, निरपत सिंह तेजी सिंह जी, दीपचंद पटेल हिरदेश पटेल, मगन बाजपेई, पर्वत ठाकुर, चरन सिंह, कोमल पटेल, व बड़ी संख्या मे किसान भाईओ की उपस्थिती रही बैठक का संचालन नरेश पटेल ने आभार रामलाल उपाध्याय ने व्यक्त किया।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रांरभिक परीक्षा आज, जिले से 2204 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रांरभिक परीक्षा 2023 का आयोजन आज 17 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को दमोह जिले के परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 02:15 से 4:15 बजे तक किया जायेगा।

इस सबंध में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा कि उक्त परीक्षा में दमोह जिले से 2204 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। आयोग के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, धूप का चश्मा, कफलिंक, हाथ के बैण्ड, बंधन धागे, रबर, पेंसिल, व्हाइटनर, बालों का क्लेचर, वक्कल, घड़ी, बेल्ट, पर्स, टोपी लाना परीक्षा केंद्र पर वर्जित हैं। साथ ही चेहरे को ढ़ककर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश वर्जित होगा। जिन अभ्यर्थियों के फोटो प्रवेश पत्र पर नहीं छपे है, वे अपना फोटो राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कर एक सादे कागज पर नाम रोल नंबर आवेदन पत्र की छायाप्रति आदि सभी आवश्यक जानकारी लिखकर केंद्राध्यक्ष से संपर्क कर सकेंगे।

उन्होंने कहा परीक्षा केंद्र पर आयोग के निर्देशानुसार मूल पहचान पत्र लेकर आएं, केवल आधार कार्ड की छायाप्रति ही मान्य होगी। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कार्य के लिए अधिकृत अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश नही दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबधित केंद्राध्यक्ष की होगी। आयोग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र की वीडियोग्राफी की व्यवस्था पृथक से की गई हैं। समस्त परीक्षा केंद्रो पर कानून व्यवस्था बनाये रखे जाने हेतु कार्यपालिक दंडाधिकारी तथा पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई हैं। दिव्यांग परीक्षार्थियों जिन्हें लेखन सहायक (राईटर) की आवश्यकता होगी, वह अपनी संपूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं घोषणा पत्र सहित यथासंभव परीक्षा दिवस के एक-दो दिन पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्राध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी ताकि नियमानुसार लिखित परीक्षा अनुमति प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा म.प्र.लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा सागर संभाग के लिए संभागीय पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व सदस्य म.प्र.लोक सेवा आयोग डॉ. देवेन्द्र सिंह मरकाम (मो.नं. 8827104693) को नियुक्त किया गया है। परीक्षा हेतु जिला कार्यालय दमोह के कक्ष कमांक 52 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 07812-222029 हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए म.प्र.लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा जारी निर्देशों को भांति अध्ययन किया जाये।

# बाल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित हुए बाल कलाकार



**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार नीलम संगीत साधना केंद्र दमोह पर बाल प्रतिभा सम्मान 2023 कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, सर्वप्रथम ज्ञान की देवी विद्यादायिनी देवी सरस्वती के समक्ष संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पंडित श्याम सुंदर शुक्ला मुख्य अतिथि डॉक्टर चेतन जैन विशिष्ट अतिथि प्रिया मंडलोई एवं विशेष अतिथि अनीता जैन ने पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया, सरस्वती वंदना हे शारदे मां अज्ञानता से हमें तार दे मां की प्रस्तुति संस्था की साक्षत्रों के द्वारा प्रस्तुत की गई, संगीत शिक्षक मुकेश दुबे के द्वारा अतिथियों का फूल माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया डॉ प्रेमलता नीलम ने बतलाया बाल प्रतिभा सम्मान विगत कई वर्षों से दमोह जिले के बाल कलाकारों को दिया जा रहा है नीलम संगीत साधना केंद्र का यह आठवां वर्ष है जब से किसी संगीत विद्यालय के उन बच्चों को दिया जाता है जो नियमित भारतीय संगीत की शिक्षा ग्रहण करते हैं और अपने भविष्य को उज्जवल बनाते हैं उन्हें ही प्रदान किया जाता है। बाल कलाकारों के द्वारा राज अलिया बिलावल लिली राय कृष्ण प्रस्तुत किया समाज आरोही ने यमन राग दिशा मंडलोई ने विहाग राग, स्तूति श्रीराम चंद्र कृपालू भज मन, समूह में प्रस्तुत किया, आद्य ने एकल नृत्य, तथा गणेश वंदना आदव्यिका जैन तथा लघु,प्रहसन , बधाई प्रस्तुत किया गया सभी बाल कलाकारों ने नन्ना मुन्ना राही हू देश का सिपाही हू इस गीत कीश्रेष्ठ प्रस्तुति पर वाह वाही अर्जित की, तबले पर संगत की संगीत शिक्षक चित्तर सिंह ठाकुर ने, दूसरे चरण में कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित श्याम सुंदर शुक्ला मुख्य अतिथि डॉक्टर चेतन के कर कमल से बाल प्रतिभा सम्मान 2023 तिलक लगाकर, बाल कलाकार,आरोही, दिशा, सृष्टि ,लिली राय आदित्यका आदया आर्निक, गौरव,त्रिशा को प्रदान किया गया। मुख्य तिथि डॉक्टर चेतन ने कहा यही बाल कलाकार बड़े होकर देश में अपना नाम ऊंचा करते हैं इनमें बहुत से उदाहरण भारतीय संगीत लोक संगीत में हम लोगों के सामने भी हैं कार्यक्रम अध्यक्ष और संस्था के संस्थापक पंडित श्याम सुंदर शुक्ला जी ने कहा नीलम संगीत साधना केंद्र इलाहाबाद संगीत प्रयाग समिति से जुड़ा है, ये बच्चे निरंतर अभ्यास करते हैं और संगीत शिक्षक मुकेश दुबे जी के द्वारा भारतीय संगीत की सभी रागों लय,ताल के साथ सिखाया जाता है, मुझे इस बात की खुशी है कि यह सम्मान बच्चों को गौरवान्वित करता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है । कार्यक्रम में अभिभावक सुनील नरेंद्र मंडलोई, संजय तिवारी राजश्री तिवारी अंकिता जैन पूर्व छात्राएं सुनिधि एवं परी जैन की उपस्थिति रही ,कार्यक्रम का संचालन संस्था की संचालिका प्राचार्य डॉ प्रेमलता नीलम ने किया आभार हर्षिता ने माना ।

# विकसित भारत यात्रा पहुंची नरसिंहगढ



**नरसिंहगढ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा एक माह से पांच राज्यों में चल रही है। इसी क्रम में विकसित भारत यात्रा यात्रा नरसिंहगढ़ ग्राम पंचायत पहुंची जहां पर पथरिया तहसील के सभी विभागों के कर्मचारियों ने स्टॉल लगाकर ग्राम के लोगों की समस्या का समाधान किया। सर्वप्रथम एसडीम पथरिया तहसीलदार जनपद सीईओ ने भारत माता के चित्र पर माल अर्पण कर के कार्यक्रम शुभारंभ किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा कई लोगों को निशुल्क दवा और गरीबी रेखा के आवेदन आवास के आवेदन वृद्धि पेंशन के आवेदन ऐसे अनेक समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष पथरिया जनपद सदस्य का हल्का पटवारी सरपंच सचिव और ग्राम के लोगों की उपस्थिति रही। इसके साथ ही विकसित संकल्प रथ पर एलसीडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव टेलीकास्ट और उसके साथ पांच राज्यों के जनता से सीधा संवाद किया। इसके साथ ही लोगों की उपस्थिति लगभग 4 से 5 घंटा रही। इसी मौके पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नरसिंहगढ़ मंडल अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता शासकीय कर्मचारी आंगनवाड़ी सचिव सहायक सचिव स्वास्थ्य विभाग ग्राम की जनता और पंचों की उपस्थिति मौजूद रहे।

### विकसित भारत अभियान पर परिचर्चा आयोजित

**दमोह।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में विकसित भारत अभियान पर परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें सशक्त भारत, सम्पन्न एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था, इनोवेशन, सुशासन एवं सुरक्षा तथा विश्व में भारत विषय पर डॉ. केपी अहिरवार, डॉ. आलोक जैन, डॉ. हरिओम दुबे, डॉ. कुंवर सिंह बामनिया, डॉ. के.के. कोरी, डॉ. एम.एम. महन्त, डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी ने विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर परिचर्चा में भाग लिया एवं विकसित भारत पोर्टल पर अपने विचार दर्ज किए। डॉ. जितेन्द्र धाकड़, डॉ अनिल यादव, डॉ निहारिका चौरसिया, डॉ. एकता मसीह आदि महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने की अंतिम तारीख एक माह बढ़ाई

**दमोह।** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (HSRP) लगवाने की अंतिम तारीख, जो पहले 15 दिसम्बर 2023 तय की गई थी, परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अब यह HSRP नंबर प्लेट 15 जनवरी 2024 तक लगवाई जा सकेगी। परिवहन आयुक्त के द्वारा अधिकृत डीलरों की ऑनलाइन बुकिंग समीक्षा करने पर यह देखा गया है की प्रत्येक HSRP नंबर प्लेट की ऑनलाइन आवेदन से लेकर प्राप्ति तक 1 सप्ताह का समय लग रहा हैं तथा बड़ी संख्या में बनवाई जा रही नंबर प्लेट के कारण समय सीमा में सभी वाहनों में नंबर प्लेट न लग पाने के कारण परिवहन आयुक्त द्वारा नवीन आदेश जारी करते हुए 15 जनवरी 2024 तक सभी वाहनों में HSRP नंबर प्लेट अनिवार्य किया गया हैं। जानकारी के अनुसार जिले के सभी वाहनों में नियत तिथि तक अनिवार्य रूप से HSRP नंबर प्लेट लगवाना आवश्यक है, अंतिम तिथि के बाद आरटीओ विभाग तथा यातायात विभाग द्वारा जिले के सभी मार्गो पर सघन रूप से जांच एवं चालानी कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। समय के पहले सभी छोटे–बड़े वाहनों में नंबर प्लेट लगना अनिवार्य हैं, यह नंबर प्लेट अपने नजदीकी वाहन डीलर से या https://bookmyhsrp.com/ से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 1 अप्रैल 2019 से पहले के सभी रजिस्टर्ड वाहनों में HSRP नंबर प्लेट लगना जरूरी हैं।

# आज होगा श्रीसीताराम विवाह, निकलेगी भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बूंदाबहू मंदिर में आज अगहन शुक्ल पंचमी 17 दिसंबर को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिव्य भव्य श्री सीताराम विवाह का आयोजन किया जा रहा हैं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कीरत सिंह राजपूत ने बताया कि आज बूंदाबहू मंदिर से भव्य बारात रात्रि 7 बजकर 30 मिनट पर नगर भ्रमण पर निकलेगी जिसकी समस्त तैयारिया मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई है वहीं बारात नगर भ्रमण करती हुई रात्रि 10 बजे बूंदाबहू मंदिर पहुंचेगी जहां पर आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज के द्वारा द्वारचार पूजन के साथ सम्पूर्ण वैवाहिक कर्म सम्पन्न करायें जायेगें। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के द्वारा समस्त भक्तो से उपस्थिति का आग्रह किया गया है वहीं बूंदाबहू मंदिर परिसर में चल रही श्रीसीताराम विवाह कथा रस के चतुर्थ दिवस में कथावाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने भगवान श्री राम द्वारा धनुष तोड़ने का प्रसंग सुनाते हुये कहा कि धनुष टूटने के बाद धनुष को टूटा हुआ देखकर भगवान परशुराम ने बहुत क्रोध किया तब उनके क्रोध को देखकर श्रीराम बोले हे नाथ शिवजी के धनुष को तोडने वाला आपका कोई एक दास ही होगा क्या आज्ञा है, मुझसे क्यों नहीं कहते यह सुनकर मुनि क्रोधित होकर बोले की सेवक वह होता है जो सेवा करे, शत्रु का काम करके तो लड़ाई ही करनी चाहिए हे राम सुनो, जिसने शिवजी के धनुष को तोड़ा है, वह सहस्त्रबाहु के समान मेरा शत्रु है वह इस समाज को छोड़कर अलग हो जाए नहीं तो सभी राजा मारे जाएँगे परशुराम के वचन सुनकर लक्ष्मणजी मुस्कुराए और बोले बचपन में हमने बहुत सी धनुहियाँ तोड़ डालीं, किन्तु आपने ऐसा क्रोध कभी नहीं किया इसी धनुष पर इतनी ममता किस कारण से है यह सुनकर भृगुवंश की ध्वजा स्वरूप परशुरामजी क्रोधित होकर कहने लगे अरे राजपुत्र काल के वश में होकर भी तुझे बोलने में कुछ होश नहीं है सारे संसार में विख्यात शिवजी का यह धनुष क्या धनुही के समान है। देवता, ब्राह्मण, भगवान के भक्त और गो- इन पर हमारे कुल में वीरता नहीं दिखाई जाती है। क्योंकि इन्हें मारने से पाप लगता है और इनसे हार जाने पर अपकीर्ति होती है इसलिए आप मारें तो भी आपके पैर ही पड़ना चाहिए आपका एक-एक वचन ही करोड़ों वज्रों के समान है धनुष-बाण और कुठार तो आप व्यर्थ ही धारण करते हैं इन्हें देखकर मैंने कुछ अनुचित कहा हो, तो उसे हे धीर महामुनि क्षमा कीजिए यह सुनकर भृगुवंशमणि परशुरामजी क्रोध के साथ गंभीर वाणी बोले हे विश्वामित्र सुनो, यह बालक बड़ा कुबुद्धि और कुटिल है, काल के वश होकर यह अपने कुल का घातक बन रहा हैयह सूर्यवंश रूपी पूर्ण चन्द्र का कलंक है। यह बिल्कुल उद्दण्ड, मूर्ख और निडर है अभी क्षण भर में यह काल का ग्रास हो जाएगा। मैं पुकारकर कहे देता हूँ, फिर मुझे दोष नहीं देना। यदि तुम इसे बचाना चाहते हो, तो हमारा प्रताप, बल और क्रोध बतलाकर इसे मना कर दो।

# दो आरोपियों से 54 लीटर अवैध शराब व 80 हजार रूपये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुलिस अधीक्षक दमोह व्दारा अवैध मादक पदार्थ पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह सुनील तिवारी, के निर्देशन एवं अति.पु. अधी. महोदय संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी महोदय पथरिया रघु केशरी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी हिण्डोरिया एम. के. जगेत. एवं गठित टीम. वा. प्रआर. अभिषेक चौबे, का. वा. प्रआर. प्रदीप जोशी, का.वा. प्रआर. अविनाश, का.वा. प्रआर. लक्ष्मीकांत पौराणिक, आर. बाबूसींग, आर. महेन्द्र कुमार व्दारा दिनाँक 15/12/23 को रात्रि में पटेरा तरफ से आ रही एक सफेद रंग की अपाची मो.साई.क्र. MP-34-MH-7478 को स्टापर लगाकर रोककर चैक किया। जो मो. साई.क्र. MP34MH7478 के चालक ने अपना नाम मोनू उर्फ मानवेन्द्र पिता तीरथ सींग लोधी, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम बिछुआ, थाना पटेरा एवं पीछे बैछे व्यक्ति ने अपना नाम राघवेन्द्र उर्फ बसोरी पिता फूलसींग लोधी, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम कुड़ई, थाना पटेरा का होना बताया जो उक्त दोनो आरोपी मो.साई.क्र. MP34MH7478 पर 06 पेटी लाल मसाला कुल 54 लीटर लाल मसाला अवैध शराब रखे थे। जो उक्त दोनो आरोपियो के कब्जे से 54 लीटर लाल मसाला अवैध शराब व मोटर साईकिल कुल 80000 रूपये का मशरूका जप्त कर दोनो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूध्द अपराध क्रं. 581/23 धारा 34(2) आब. एक्ट का मामला पंजीबध्द किया गया है। जो दोनो आरोपी को न्यायालय दमोह पेश किया जाता है। कार्यवाही में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियो एवं कर्मचारियो में थाना प्रभारी निरीक्षक एम. के जगेत. वा. प्रआर अभिषेक चौबे, का. वा. प्रआर. प्रदीप जोशी, का.वा. प्रआर. अविनाश, का.वा. प्रआर. लक्ष्मीकांत पौराणिक, आर. बाबूसींग, आर. महेन्द्र कुमार, महिला आर. सोनम पटैल । जिनके उत्साहवर्धन हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा पुरुष्कृत किया जाएगा।